
शब्दसंसार

# विलोम



HLP Project S&T Mission Mode Government Of India
Department of Speech-Language Pathology
AYJNIHH, Bandra MUMBAI 400 050.

# PROJECT DETAILS

*Funded by* : *S & T mission mode, Government of India.*

*Conducted by* : *Department of Speech-Language Pathology, Ali Yavar Jung National Institute for the Hearing Handicapped, Ministry of Social Justice and Empowerment, Government of India, Bandra,, Mumbai - 50.*

*Project Group:*

- *Principal Investigator* : *Mrs. Usha Dalvi (Lecturer, A.Y.J.N.I.H.H.)*
- *Co-Investigator* : *Ms. Sadhana Relekar (Lecturer, A.Y.J.N.I.H.H.)*

*Research Team:*

- *Linguist* : *Dr. Rita Mathur*
- *Special Educator* : *Mrs. Bindiya Kamble*
- *Special Educator* : *Mrs. Sneha Tambe*

*Illustrations:*

- *Commercial Artist* : *Ms. Leena Teli*
  *Ms. Varuna Naik*

*Layout and Visualization* : *Sun Graphics*

*Copy right:*

*All rights reserved. No part of this book may be reproduced stored in retrieval system, or transmitted in any means, electronic mechanical, photocopying, recorded or otherwise, without written permission of.................................*

# ACKNOWLEDGEMENT

A systematic training material easily accessible to teachers and parents of the language disordered children, a cherished distant dream has become a reality. Thanks to Science and Technology Mission Mode, Govt. of India for helping us realize this, by providing financial assistance. Their regular review and suggestions enabled us critically evaluate the material.

We are indebted to Shri Rangasayee, Director, A.Y.J.N.I.H.H. for motivating us to take up this comprehensive project and providing continuous support and guidance at every stage of the project.

Such extensive material needed critical evaluation for which we are grateful to Dr. Vijayalakshmi Basavraj, Dy. Director (Tech.), A.Y.J.N.I.H.H. who gave invaluable suggestions and support.

We highly appreciate and thank Dr. Geetha Mukundan, Reader & Head, Department of Speech-Language Pathology, A.Y.J.N.I.H.H. for providing departmental facilities and steady support throughout the project. Our special thanks to Mrs. Varsha Gathoo, Reader and Head, Department of Education, A.Y.J.N.I.H.H., for the feedback and suggestions which helped us to improve upon our earlier drafts.

We thank Dr. Sureshkumar, Ex-Director of Kendriya Hindi Sansthan, Agra and Dr. Medha Karbhari - Adhyaru for their guidance in finalizing the list of vocabulary of the books.

We appreciate the co-operative and unconditional support provided by the respective Principals and Teachers of the following Special Schools for The Hearing Impaired in Delhi and Mumbai, who in spite of their busy schedule dedicated their valuable time for field testing the material without which the material would not have taken this shape.

Asha Special School, New Delhi, Association of Welfare of Handicap, Faridabad, New Delhi, Awaz Special School for Deaf, New Delhi, Koshish School for Deaf, Malad, Mumbai, M.P.K, Welfare Centre for Hearing and Speech Handicapped, Harayana, Pragati School for Deaf, Dadar, Mumbai, Premalabai Chavan School for Deaf, New Delhi, Rochiram Thandhani School for Hearing Handicapped, Chembur, Mumbai, Shivaji Park School for the Deaf, Mahim, Mumbai, Shruti School for Deaf, Juhu, Mumbai, Utkarsha School for the Deaf, Vile Parle, Mumbai, Welfare Center for Impaired, Sonepat, New Delhi, Welfare Centre for Hearing and Speech Handicapped, Gurgaon, New Delhi.

The parents of children with hearing impairment provided us with positive feedback on this material and stressed the utility and need for such material. We are highly indebted to them. A heart felt thanks to them.

Development of the books would have been incomplete without the support of the proofreaders. We take this opportunity to thank Mrs. Namrata Pawar, Hindi Section, A.Y.J.N.I.H.H. and Mr. Chandravir Banshidhar Yadav for proof reading the material.

We acknowledge Prof. J.C. Sharma for helping us with statistical analysis.

We are grateful to Mrs. Meenal Umrao and Mrs. Nayna Shinde for their umatched consistent and robust hardwork and sometimes working during odd hours to catch up with the project work.

The prompt support always provided by Mr. Nitin Warekar, Hardware Engineer, Establishment, Accounts and Hindi Section is greatly valued.

Usha Dalvi
Principal Investigator

Sadhana Relekar
Co Investigator

## दो शब्द शिक्षकों एवम् अभिभावकों से

श्रवण बाधित बच्चों में भाषा ज्ञान के संवर्धन और परिवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहे हैं। परंतु इन प्रयासों की जानकारी केवल कुछ ही लोगों को है जो इस समस्या के प्रति जागरुक हैं। यह भी देखने में आया है कि श्रवण बाधित बच्चों में बोलने की क्षमता व भाषिक विकास के लिए आवश्यक सामग्री का भी अभाव है। ये बच्चे संपूर्ण रूप से स्वस्थ एवं मानसिक रूप से सामान्य होते हैं, परंतु केवल श्रवण विकलांगता के कारण भाषिक ज्ञान से वंचित रह जाते हैं। इस कमी को पूरा करने के लिये ही यह पुस्तक मालिका प्रस्तुत की जा रही है। इस पुस्तक मालिका में क्रमिक रूप से भाषा के जटिल रूपों को सरल चित्रों व सरल लेखन के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। यह पुस्तक मालिका तीन वर्गों में विभाजित है। प्रथम - वर्ण संसार, द्वितीय - शब्द संसार तथा तृतीय - वाक्य संसार। जैसा कि नाम से विदित है, यह पुस्तकमालिका क्रमशः वर्णमाला, शब्द संरचना और वाक्य विन्यास का ज्ञान कराती है। भाषा का ज्ञान कराने वाली पुस्तकें बहुत सी हैं जो हिंदी की सभी व्याकरणिक कोटियों का ज्ञान कराती हैं, किंतु सभी पुस्तकें पाठ्यक्रम के अनुसार निर्मित हैं और सामान्य विद्यार्थी के लिए लाभप्रद भी है, पर ये श्रवण बाधित बच्चे अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के कारण उन पुस्तकों का लाभ नहीं उठा पाते। श्रवण विकलांगता के कारण वे प्रायः भाषा सीखने और उसके बहुत से प्रयोगों, उदाहरण स्वरूप भाषा के अलंकारिक प्रयोग से अनभिज्ञ रह जाते हैं। अतः इन बच्चों की शब्द आधारित भाषा सीखने की असमर्थता को ध्यान में रखते हुए ही इस पुस्तक मालिका की रचना की गई है।

'वर्ण संसार' की पुस्तिकाएँ वर्णों के आकार और रूप का ज्ञान कराती हैं। 'शब्द संसार' की पुस्तिकाएँ शब्दों के विभिन्न प्रयोगों और उनके व्यापक अर्थ का परिवर्धन कराती हैं तथा 'वाक्य संसार' की पुस्तिकाएँ विभिन्न वाक्यों की संरचना एवं हिंदी व्याकरण की जटिलताओं को सरल रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास करती हैं। इस पुस्तक मालिका से दो वर्ष से आठ वर्ष के आयु वर्ग के श्रवण बाधित बच्चों में भाषा विकास संपूर्ण रूपसे हो जाएगा, यह समझना सही नहीं होगा। परंतु इस पुस्तक मालिका का प्रयोग इन बच्चों के अध्यापकों, अभिभावकों एवं अन्य वे सभी जो भाषा अल्पता एवं शुद्धता की समस्या को सुलझाना चाहते हैं, उनका पथ एवं दिशा निश्चित करने में सहायक होगी। साथ ही यह पुस्तकमालिका सभी बच्चों में भाषा अर्जन, बोलना, वाचन और लेखन क्षमताओं का विकास करने में भी सहायक सिद्ध होगी। कृपया इस विषय में अपने अनुभव हमें अवश्य बताएँ। इस पुस्तक मालिका को सहायक सामग्री के रूप में और अधिक परिवर्धित एवं उपयोगी करने की दिशा में आपके सुझाव आमंत्रित हैं।

धन्यवाद ...

# विलोम

## पाठ्यसूची


| क्र. | पाठ | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|
| 1. | बहुत x कम | 1 |
| 2. | ऊपर x नीचे | 4 |
| 3. | अंदर x बाहर | 8 |
| 4. | जल्दी x धीरे | 11 |
| 5. | दूर x पास | 14 |
| | पुनरावलोकन | 17 |
| 6. | पहला xआखिरी | 19 |
| 7. | सही x गलत | 23 |
| 8. | ढीला x चुस्त | 26 |
| 9. | खाली x भरा | 29 |
| 10. | खुला x बंद | 32 |
| | पुनरावलोकन | 35 |
| 11. | आधा x पूरा | 36 |
| 12. | समान x अलग | 40 |
| 13. | मुलायम x सख्त | 43 |
| 14. | कच्चा x पक्का, पका | 46 |
| 15. | बाँया x दायाँ | 49 |
| | पुनरावलोकन | 52 |
| 16. | हल्का x भारी | 53 |
| 17. | निड़र x डरपोक | 57 |
| 18. | आशा x निराशा | 59 |
| 19. | स्तुति (प्रशंसा)x निंदा | 62 |
| 20. | खुश xउदास(दुखी) | 65 |
| 21. | आसान x मुश्किल/कठिन | 67 |
| | पुनरावलोकन | 70 |

# विलोम


पुस्तक मालिका की इस कड़ी का उद्देश्य शब्दों के विपरीतार्थक अथवा विलोमार्थक संबंध को सिखाना है। इस दिशा में शब्दों की जोड़ी या युग्म के रुप में प्रस्तुत किया गया है। चित्रों व सरल वाक्यों के माध्यम से शब्दों के विपरीत अर्थ को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। इस पुस्तक में विविध गतिविधियों के साथ इन शब्दों का प्रयोग किया गया है।

**1) बहुत x कम**
**2) ऊपर x नीचे**
**3) जल्दी x धीरे**
**4) अन्दर x बाहर**
**5) दूर x पास**
**6) पहला xआखिरी**
**7) सही x गलत**
**8) ढीला x चुस्त**
**9) खाली x भरा**
**10) खुला x बंद**
**11) आधा x पूरा**
**12) समान x अलग**
**13) मुलायम x सख्त, कठोर**
**14) कच्चा x पक्का, पका**
**15) बाँया x दायाँ**
**16) हल्का x भारी**
**17) निडर x डरपोक**
**18) आशा x निराशा**
**19) स्तुति (प्रशंसा)x निंदा**
**20) खुश xउदास**
**21) आसान x मुश्किल /कठिन**


**इसी प्रकार अन्य विपरीतार्थक शब्दों को विभिन्न कार्यों के माध्यम से सिखा सकते हैं।**

# पाठ 1


## बहुत X कम




<u>बहुत</u> पेंसिलें



<u>कम</u> पेंसिलें



मकड़ी के <u>बहुत</u> पैर होते हैं।



लेकिन छिपकली के <u>कम</u> पैर होते हैं।

**I) फल, फूल, कपड़े, और अन्य वस्तुएँ लेकर बहुत कपड़े, कम कपड़े, बहुत फूल,कम फूल ऐसे करके बच्चों को समझाइए।**

## II) चित्र देखिए और वाक्य पढ़कर सही चित्र पर गोल कीजिए।




1) पानी में बहुत सी नावे हैं।
2) आसमान में बहुत से पंछी उड़ रहे हैं।
3) पेड़ पर कम फूल हैं।
4) टोकरी में कम फल हैं।
5) जमीन पर कम कंचे हैं।

## III) ऊपर दिए चित्र देखकर रिक्त स्थान भरिए। (बहुत/कम)


1) पेड़ पर ____________ पत्ते हैं।
2) ____________ बच्चे खेल रहे हैं।
3) पेड़ पर ____________ पंछी बैठे हैं।
4) पानी में ____________ मछलियाँ हैं।
5) समुद्र में ____________ पानी है।

**IV) सूचना के अनुसार क्रिया कीजिए।**


1) दिए गए पेड़ के चित्र पर
बहुत से फूल बनाओ ।



2) इन डिब्बों में से किस डिब्बे में
कम लड्डू आएंगे उस में लाल
रंग भरो और किसमें बहुत लड्डू
आएंगे उसमें पीला रंग भरो।




3) जिस बक्से में कम किताबें
आएंगी उस में नीला रंग भरो।




## पाठ 2


# ऊपर X नीचे




पंछी पेड़ के <u>ऊपर</u> है।



पंछी पेड़ के <u>नीचे</u> है।




गेंद मेज के <u>ऊपर</u> है।





गेंद मेज के <u>नीचे</u> है।


I) इसी तरह वस्तुएँ मेज, कुर्सी, संदूक, अलमारी के ऊपर-नीचे रखकर बच्चों को समझाइए।

II) चित्र देखिए और नीचे दिए हुए वाक्य पढ़कर सही चित्र पर गोल कीजिए।










1) मेज के ऊपर किताब है।
2) मेज के नीचे बैट है।
3) पुल के नीचे से नदी बह रही है ।
4) कुर्सी के ऊपर गेंद है।
5) मेज के ऊपर पेन है।

III) ऊपर दिए चित्र के अनुसार रिक्त स्थान भरिए। (ऊपर/नीचे)


1) आदमी पेड़ के ___________ सोया है।
2) किताबें कुर्सी के ___________ रखी हैं।
3) किताबों के ___________ बोतल है।
4) गाड़ी पुल के ___________ से जा रही है।
5) पंछी पेड़ के ___________ बैठा है।

**IV) सूचना के अनुसार क्रिया कीजिए।**


1) मेज के ऊपर रखी चीजों के नाम लिखो।




2) फूल के ऊपर तितली का चित्र बनाओ।



3)पतंग के ऊपर के भाग में लाल रंग,
नीचे के भाग में नीला रंग भरो।



V) वाक्यों को पढ़कर सही चित्र को गोल कीजिए।




1) पेड़ के ऊपर पंछी है।
2) पेड़ के नीचे कुत्ता बैठा है।
3) औरत के सिर के ऊपर मटका है।
4) पेड़ के ऊपर घोंसला है।
5) पेड़ के नीचे बंदर बैठा है।
6) नीले मटके के नीचे काला मटका है।
7) हाथी के ऊपर बंदर बैठा है।
8) घर के ऊपर बादल छाये हैं।

## पाठ 3


# अंदर X बाहर




बच्चे घर के अंदर हैं।



बच्चे घर के बाहर खेल रहे हैं।




किताबें बस्ते के अंदर हैं।



किताबें बस्ते के बाहर हैं।

I) इसी तरह और उदाहरण देकर बच्चों को अंदर/बाहर समझाइए।

II) नीचे दिये हुए वाक्य पढ़कर सही चित्र पर गोल कीजिए।




1) फूल टोकरी के बाहर हैं।
2) फल थैली के अंदर हैं।
3) जूते घर के बाहर हैं।
4) आम टोकरी के अंदर हैं।
5) मछली पानी के अंदर रहती है।

III) सूचना के अनुसार चित्र बनाइए।

1) टोकरी के अंदर आम का चित्र बनाइए।




2) घर के बाहर पेड़ का चित्र बनाइए।




3) बस के अंदर बैठे हुए लोगों का चित्र बनाइए।



IV) **चित्र देखिए और पानी के अंदर रहने वाले प्राणियों को गोल कीजिए।**



V) **दिये गए चित्र देखकर उत्तर लिखिए।**



1) फूल टोकरी के ____________ हैं।

2) पेंसिल कंपास के ______________________ है।


3) कपड़े अलमारी के ____________ रखते हैं।

4) पैसे पर्स के ____________ है।


5) तोता पिंजरे के __________________ है।

# पाठ 4


## जल्दी/तेज X धीरे




खरगोश तेज चलता है।



कछुआ धीरे चलता है।





पानी जल्दी फैलता है।



तेल धीरे से फैलता है।

I) इसी तरह और उदाहरण देकर बच्चों को तेज/जल्दी-धीरे समझाइए।


**II) नीचे दी गई दो चीजों की रफ्तार की तुलना करके सही शब्द लिखिए।**
**(तेज/जल्दी-धीरे)**

जैसे  धीरे ________  ________

 ________  ________

 ________  ________

**III) चित्र के अनुसार योग्य शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए। (तेज/जल्दी-धीरे)**




1) राहुल का दौड़ में पहला नंबर आया
क्योंकि वह बहुत ________ दौड़ा था।



2) पैर में चोट लगने से गीता ________
चल रही थी।




3) बारिश से बचने के लिए लोग
________ से इधर-उधर भागे।

4) मीना को स्कूल के लिए देर हो रही थी

इसलिए वह _______ खाना खा रही थी।





5) माँ सो रही थी इसलिए

बच्चे ___________ बोल

रहे थे।

## IV) सूचना के अनुसार गतिविधि करके उत्तर लिखिए।

1) अगर तुमने साँप देखा तो तुम कैसे दौड़ोगे?

_______________________________________________

2) दादी माँ कैसे चलती है?

_______________________________________________

3) पानी में बारीक नमक और शक्कर डाला तो, कौन जल्दी घुलेगा?


_______________________________________________

4) माँ ने टॉवेल और रूमाल सूखने के लिए डाला है, तो कौनसा कपडा जल्दी सुखेगा?


_______________________________________________

## पाठ 5


# दूर X पास



दो पंछी दूर बैठे हैं।



दो पंछी पास बैठे हैं।




हवाई जहाज दूर आसमान में उड़ रहा है।



नीता गाड़ी के पास खड़ी है।




चाँद सितारे हम से दूर हैं,
इसलिए हमें चाँद तारे छोटे दिखाई देते हैं।



मेज, अलमारी हमारे पास है, इसलिए हमें
मेज, अलमारी बड़ी दिखाई देती है।

I) इसी तरह और उदाहरण देकर बच्चों को दूर x पास समझाइए और दूर की चीजें छोटी दिखती है, पास की चीजें बड़ी दिखती है यह भी बताइए।

## II) वाक्य से संबंधित चित्र को गोल कीजिए।





1) लड़का घर के पास खड़ा है।
2) लड़की घर से दूर है।
3) कार पेड़ से दूर है।
4) आदमी औरत के पास खड़ा है।
5) लड़की कार के पास खड़ी है।

## III) ऊपर दिए गए चित्र देखकर रिक्त स्थान भरिए। (दूर / पास)


1) झोपड़ी पेड़ के _________ है।
2) पंछी _________ बैठे है।
3) औरत इमारत के _________ है।
4) इमारत घर से _________ है।
5) लड़का पेड़ से _________ है।

**IV) गतिविधि :**

1) इस गेंद के पास एक बैट का चित्र बनाइए।
गेंद से दूर पेड़ का चित्र बनाइए।




2) इस तितली से दूर एक छोटे से फूल का चित्र बनाइए।
इस तितली के पास एक बड़ा लाल फूल बनाइए।



# पुनरावलोकन

(बहुत X कम, ऊपर X नीचे, अंदर X बाहर, जल्दी/तेज X धीरे, दूर X पास)

**I) चित्र देखिए और सही शब्द लिखकर वाक्य पूरा कीजिए।**



1) बंदर पेड़ के ___________ बैठा है।
2) दादाजी बूढ़े है इसलिए ___________ चलते हैं।
3) पेड़ पर पंछी ___________ बैठे हैं।
4) बिल्ली पेड़ से ___________ बैठी है।
5) घर पेड़ से ___________ है।
6) घर के ___________ टी. वी. है।
7) टी.वी. के ___________ शेल्फ है।
8) घर के ___________ कुत्ता बैठा है।
9) आसमान में उड़नेवाले पंछी दादाजी से ___________ है।
10) घर के ___________ कुत्ता और बिल्ली बैठे हैं।

II) नीचे दिए गए वाक्यों के विलोम वाक्य लिखिए।

जैसे: बस्ते के अंदर बहुत किताबें हैं।

विलोम वाक्य- बस्ते के बाहर कम किताबें हैं।

1) बस पुल के ऊपर है।

______________________________

2) नीता जल्दी जल्दी चलती है।

______________________________

3) बॉल मेज के पास है।

______________________________

4) टोकरी के बाहर फल हैं ।

______________________________

5) आज आसमान में बहुत तारे दिख रहे हैं।

______________________________

6) तालाब के अंदर कम मछलियाँ हैं।

______________________________

7) मेज के नीचे लड़का छिप गया।





______________________________

8) चूहा बिल के अंदर है।

______________________________

# पाठ 6


## पहला X आखिरी

| पहला |  |  |  |  | आखिरी |
|---|---|---|---|---|---|
| | **अ** | **ब** | **क** | **ड** | |
| | राजू | मोहन | बालू | संजू | |

1) 'अ' राजू पंक्ति में सबसे पहले है।
2) 'ज'संजू लड़का पंक्ति में सबसे आखिरी है।

**I) इसी तरह पेंसिल, पेन, किताब, कापी ऐसी चीजें रखकर पहला/ आखिरी चीज पहचानने के लिये कहें, फिर उन चीजों का क्रम बदलकर कहिए। जैसे : पहले लाल पेंसिल रखो, आखिर में काली पेंसिल रखो।**

## II)वाक्य पढ़कर सही चित्र पर गोल कीजिए।





1) राहुल के लिए फल की दुकान पहली है।
2) राजू के लिए पीला घर पहले है।
3) पप्पू के लिए नीला घर पहले है।
4) राम पंक्ति के आखिर में खड़ा है।
5) राहुल के लिए खिलौनों की दुकान आखिर में है।

## III) ऊपर दिया हुआ चित्र देखकर रिक्त स्थान भरिए।


1)नीता के लिए फल की दुकान ______________ है।
2)राहुल के लिए खिलौनों की दुकान ______________ है।
3)विजय पंक्ति में ___________ खड़ा है, इसलिए उसे टिकट पहले मिलेगा।
4)राजू के लिए नीला घर ___________ है।
5)पप्पू के लिए पीला घर ______________ है।

IV) **कौनसी क्रिया पहले होती है उस पर (◯) निशान लगाइए और कौनसी क्रिया आखिरी होती है उस पर (X) का निशान लगाइए।**



**V) सही क्रम लगाकर वाक्य लिखिए।**

**क)**





1) पहले ______________________________

2) बाद में ______________________________

3) आखिर ______________________________

ख ) माँ कपड़े धो रही है।







1) पहले ______________________________

2) बाद में ______________________________

3) आखिर ______________________________

# पाठ 7

## सही X गलत

प्रश्न: पंछी कहाँ रहते हैं?
उत्तर: पंछी घोसलों में रहते हैं।

प्रश्न: पंछी कहाँ रहते हैं?
उत्तर: पंछी पानी में रहते हैं।


<u>सही</u> जबाब




<u>गलत</u> जबाब





<u>सही</u> काम



अंधे को रास्ता पार करवाना। -<u>सही</u> काम

<u>गलत</u> काम



चोरी करना। -<u>गलत</u> काम

I) इसी तरह से बिना वजह किसी को मारना, कहीं भी थूकना, कपड़े गंदे करना, चोरी करना ये सब गलत काम है। गलत काम को बुरा काम कहते हैं। रोज जल्दी उठना, नहाना, पढ़ाई करना ऐसे सही काम करने पर अच्छी बात, अच्छा काम कहते हैं - ये समझाइए।

**II) चित्र देखकर वाक्य सही है या गलत लिखिए।**



जैसे: केले का छिलका रास्ते पर फेंकना । गलत

1) आग के पास खेलना। = ____________

2) रोज सुबह जल्दी उठना। = ____________

3) टी.वी. दूर से देखना। = ____________

4) रोज दूध पीना। = ____________

5) दूसरों को परेशान करना। = ____________

**III) निम्नलिखित वाक्य सही /गलत है लिखिए।**

1) चाँद दिन में दिखाई देता है। = ____________

2) नाखून चबाना अच्छी आदत है। = ____________

3) मछली पानी के बाहर रहती है। = ____________

4) पेड़ की जड़ जमीन के नीचे होती है। = ____________

5) आम एक फल है। = ____________

IV) **निम्नलिखित क्रियाएँ पढ़कर सही या गलत लिखिए।**

1) किसी को बिना वजह मारना। ( )

2) किताबों पर कुछ भी लिखना। ( )

3) झूठ बोलना। ( )

4) साफ कपड़े पहनना। ( )

5) रोज सुबह कसरत करना। ( )

6) किसी को धक्का देना। ( )

7) दोस्त की मदद करना। ( )

8) कुत्ते की पूँछ खींचना। ( )

9) गमले में पौधा लगाना। ( )

10) तोते को पिंतरे में बंद करना। ( )

V) **3 सही काम और 3 गलत काम लिखिए।**

________________________________________

________________________________________

________________________________________

VI) **इसी तरह आप अपने बच्चों को जो काम सही है उसे उचित कहते हैं, जो काम गलत है, उसे अनुचित कहते हैं, यह बताइए।**

सही = उचित

गलत = अनुचित

उदाहरण : 1) दोस्तों के साथ झगड़ा करना = अनुचित


2) माँ-पिताजी का आदर करना = उचित

## पाठ 8

# ढीला X चुस्त



जोकर के कपड़े <u>ढीले</u> हैं।



लड़के की कमीज <u>चुस्त</u> हैं।

**I) बच्चे को छोटे कपड़े पहनाकर या बड़े बच्चे के कपड़े, पापा के कपड़े पहनाकर ढीला/चुस्त समझाओ । ढीले / चुस्त जूते पहनाओ।**


**II) चित्र के अनुसार वाक्य पढ़कर सही शब्द लिखिए। (ढीला / चुस्त)**

1) गोपाल को नयी कमीज
___________ हो
रही है।




3) चाचा को पुरानी पैन्ट ____________ हो रही थी।





) पिताजी का कुर्ता रमेश को __________ हो रहा है।

5) दीदी का फ्रॉक छोटी गीता को _______ हो रहा था



**III) वाक्य पढ़कर सही शब्द लिखिए। (चुस्त / ढीला)**

1) छोटे राहुल ने पिताजी का कुर्ता पहना, तो वह कुर्ता उसे ________ होगा।

2) इस डिब्बे का ढक्कन ___________है इसलिए ढक्कन बार-बार निकल जाता है।

3) दीपक ने छोटे भाई की पैन्ट पहनी, तो वह पैन्ट उसे _____________होगी।

4) गीता ने छोटी चप्पल पहनी, तो वह चप्पल उसे _____________ होगी।


5) गोपू चाचा जी पहले मोटे थे। लेकिन अब दुबले होने से उनकी कमीज उनको _____________ हो रही है।

**V) वाक्यों के अनुसार चित्र बनाइए।**


| | |
|---|---|
| **राहुल की चप्पल ढीली है।** | **नीता ने चुस्त चप्पल पहनी है।** |

# पाठ 9

## खाली X भरा




यह गिलास खाली है।



यह गिलास पानी से भरा है।




यह टोकरी खाली है।





यह टोकरी फलों से भरी है।


I) इसी तरह थैला, बोतल, बस्ता, अलमारी, थाली इनको लेकर खाली, भरा समझाइए।


II) चित्र देखकर योग्य शब्द (खाली/भरा) लिखें।


1  ______ टोकरी

4  ______ बोतल

2  ______ डिब्बा

5  ______ गिलास

3  ______ टोकरी

6  ______ अलमारी

**III) चित्र देखकर वाक्य पूरा कीजिए। (खाली X भरा)**





1) टोकरी फलों से _______________ है।
2) थाली में कुछ भी नहीं है, थाली _______________ है।
3) छुट्टी के दिन स्कूल _______________ होता है।
4) माँ बाजार से _______________ हुआ थैला लेकर आयी।
5) आज आसमान पतंगों से _______________ है।

## IV) गतिविधियाँ:

1) इस गोल को फूलों के चित्र से भरिए।

2) खाली थाली का चित्र बनाइए।

3) तितली के खाली पंख पर
ऐसे ◯ गोल बनाइए।




4) लड्डू से भरी हुई थाली बनाइए।

V) तुम अपनी एक पुरानी कापी लो उसमें से खाली पन्ने निकालकर नयी कापी बनाओ

## पाठ 10

# खुला X बंद




घर का दरवाजा खुला है।



घर का दरवाजा बंद है।




किताब खुली है।



किताब बंद है।

I) इसी तरह किताब,बस्ता, बैग, खिड़की, दरवाजा, अलमारी खोलकर/बंद करके बच्चों को समझाइए।

## II) वाक्य पढ़कर सही चित्र पर गोल कीजिए।




1) रास्ता आवागमन के लिए खुला है।

2) अलमारी खुली है।

3) लड़के ने किताब खोली है।

4) छाता खुला है।

5) कुत्ता आँखे बंद कर के बैठा है।

**III) सही शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरिए। (खुला/खुली/बंद)**

1) प्राणी संग्रहालय सुबह दस बजे से ______ होता है।

2) चित्र में अलमारी ________है।

3) बच्चों को खेलने के लिए मैदान _______ है।

4) छुट्टी के दिन स्कूल _______ होता है।

5) ____________ खिड़की से हवा आती है।

6) पिंजरा _________ करो नहीं तो तोता उड़ जाएगा।

7) लड़के की किताब _______ है।

8) कुत्ते की आँखें ________ है।

9) अलमारी ________ है।

10) ऑफिस शाम को पाँच बजे ______ होता है।

**IV) निर्देश अनुसार क्रिया कीजिए।**

1) तुम अपनी अलमारी खोलो।

2) चाबी से ताला खोलो।

3) बोतल से पानी पीने के बाद बोतल बंद करो।

4) अपना खाने का डिब्बा खोलो।

5) किताब निकाल कर बैग बंद करो।

# पुनरावलोकन

**(पहला x आखिरी, ढीला x चुस्त, खाली x भरा, सही x गलत, खुला x बंद)**

**I) निम्नलिखित परिच्छेद में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

रोहन कक्षा में सबसे आखिरी बेंच पर बैठता है।परीक्षा में भी उसका नंबर आखिर होता है। घर में सब चीजें इधर उधर फेंकता है। अपने कपड़े, बस्ता और जूते जगह पर नहीं रखता। ऐसे ही सब गलत काम करता है। एक दिन उसने एक तितली को पकड़कर खाली बोतल में बंद कर दिया। तितली को अंदर तड़पते हुए देखकर उसे अच्छा लग रहा था। इतने में माँ वहाँ पर आयी। पहले तो माँ ने रोहन को डाँटा। बाद में उसे समझाया कि उसने गलत काम किया है। ऐसा करने से तितली को तकलीफ होती है। इसलिए ऐसा काम नहीं करना चाहिए। यह सुनकर रोहन ने बोतल खोलने का प्रयत्न किया मगर ढक्कन तो बहुत चुस्त था। इसलिए वह उसे खोल नहीं पाया।

**II) विलोम शब्द लिखिए।**

1) पहला x __________ 4) ढीला x __________

2) बंद x __________ 5) खाली x __________

3) अंदर x __________ 6) गलत x __________

**III) निम्नलिखित वाक्यों को विलोम वाक्य बनाकर लिखिए।**

1) राजू का परीक्षा में पहला नंबर आया।

______________________________

2) नीता ने ढीला कुर्ता पहना है।

______________________________

3) गोपाल ने सही जवाब दिया।

______________________________


4) राजू हमेंशा बुरा काम करता है।


______________________________

5) खाली बोतल बैग के अंदर रखो।

______________________________


# आधा X पूरा





यह आधा सेब है।

यह पूरा सेब है।





यह आधी रोटी है।

यह पूरी रोटी है।

1) इसी तरह से आधा पेपर - पूरा पेपर, आधा केक - पूरा केक, आधा गिलास दूध - पूरा गिलास दूध लेकर बच्चों को आधा x पूरा समझाइए।

## II) चित्र देखिए और सही चित्र पर गोल कीजिए।




1) माँ ने शाम को आधा सेब दिया।
2) झंडा आधा काला है।
3) दीवार के आधे हिस्से में रंग लगाया है।
4) लड़के ने पूरा आम खाया।
5) बाल्टी पानी से आधी भरी है।

## III) ऊपर दिये चित्र को देखकर रिक्त स्थान भरिए। (आधा / पूरा)

1) एक गिलास पानी से ______ भरा है और दूसरा गिलास ______ भरा है।


2) ________________ दीवार में रंग नहीं है।

3) कापी के पहले पन्ने पर __________ लिखा है।


4) ________________ झंडा सफेद रंग का है।

**IV) सूचना के अनुसार क्रिया कीजिए।**


1) इस गेंद के आधे भाग में लाल रंग भरो।




2) गुब्बारे के पूरे भाग में रंग भरो।




3) बोतल पानी से आधी भरी है ऐसे बताओ।



4) पूरी फ्रॉक में फूल के चित्र बनाओ।




5) आधे सेब को लाल रंग से भरो।




## पाठ 12


# समान X अलग




ये फूल समान रंग के हैं।



ये फूल अलग रंग के हैं।




ये जूते समान साइज के हैं।



ये जूते अलग साइज के हैं।

I) इस तरह से बच्चों को समान आकार, रंग के चित्र, वस्तुएँ दिखाकर और अलग रंग आकार के वस्तु दिखाकर समान-अलग समझाइए।

## II) चित्र देखिए और सही चित्र पर गोल कीजिए।



1) कौन से पेड़ों की ऊँचाई समान है?

2) कौन से गुब्बारों के आकार अलग हैं?

3) कौन सी फ्रॉक समान रंग की है?

4) कौन सी कुर्सियाँ समान है?

5) कौन से फूल अलग रंग के हैं?

**III) गतिविधि (II) में दिये चित्र को देखकर रिक्त स्थान भरिए। (समान / अलग )**

1) फूलों का रंग ________________ है।

2) दो गुब्बारों का रंग ________________ है।


3) कमीज ____________ रंग की है।

4) बैग ________________ आकार की है।


5) बैग का रंग ________________ है।

**IV) निर्देश अनुसार क्रिया कीजिए।**


1) इस पेड़ के पास अलग पेड़ का चित्र बनाइए।



2) दो पेड़ों में समान रंग भरिए और एक पेड़ में अलग रंग भरिए।




**V) पहला चित्र देखिए और उसके समान चित्र पर गोल कीजिए तथा उससे अलग चित्र पर X निशान लगाइए।**




# पाठ 13

## नरम / मुलायम X सख़्त



ये सब चीजें मुलायम हैं।




ये सब चीजें सख़्त हैं।


I) बच्चों को मुलायम चीजें हाथ में देकर बताइए, जैसे नरम खिलौने, तकिया, रुई से बने खिलौने। समझाइए कि ये चीजें नरम - मुलायम हैं। उसी तरह मेज, पेंसिल ये सख़्त चीजें हैं।

II) चित्र के अनुसार सही शब्द लिखिए। (सख़्त / मुलायम)


1 पेंसिल __________ होती है।




2 नारियल __________ होता है।




3 आइसक्रीम__________ होती है।




4 बाल __________ होते हैं।




5 अखरोट_______होता हैं।



6 गाल _______होते हैं।



**III) चित्र देखकर नीचे दिए हुए वाक्य पढ़कर सही चित्र पर गोल कीजिए।**



1) मुलायम केक मेज के ऊपर रखा है।
2) मेज सख्त है।
3) आइसक्रीम सख्त है।
4) मुलायम खिलौना मेज के नीचे रखा है।
5) मेज के ऊपर सख्त गिलास है।

**IV) सही शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरिए। (नरम-मुलायम / सख्त)**

1) गरम-गरम रोटी __________होती है।
2) लकड़ी से बनी चीजें__________ होती हैं।
3) खरगोश की त्वचा__________ होती है।
4) कटहल बाहर से ______ होता है लेकिन अंदर से ________ होता है।
5) रुई से बने खिलौने __________ होते हैं।
6) अखरोट बाहर से ______________ होता है।
7) आम की गुठली _________ होती है।

## V) गतिविधियाँ :

1) सख्त चीजों पर गोल कीजिए।

स्पंज, तकिया, कपड़े, गिलास, अलमारी, किताबें, केक, मकान, रोटी, अखरोट, गूँदा हुआ आटा, लकड़ी, पत्थर, ऊनी कपड़े


2) आपके पास 5 सख्त चीजें इकट्ठा कीजिए और उनके नाम लिखिए।

3) आपके पास 5 मुलायम चीजें इकट्ठा कीजिए और उनके नाम लिखिए।


4) पाँच सख्त और पाँच मुलायम चीजों के नाम लिखिए।

# पाठ 14

## कच्चा X पक्का
## कच्चा X पका




यह आम <u>कच्चा</u> है ।



यह आम <u>पका</u> है।



ये <u>कच्ची</u> सड़क है।




ये <u>पक्की</u> सड़क है।

जो रास्ता छोटा एवं मिट्टी का होता है वह कच्चा रास्ता होता है। जो रास्ता बड़ा, डामर या सिमेंट का होता है वह पक्का रास्ता होता है।

1) इसी तरह हर कच्चे फल (पपीता, अमरूद), (कच्ची रोटी, कच्चा चावल) और पके फल, पका खाना दिखाकर कच्चा x पका समझाइए।

II) नीचे दिए हुए वाक्य पढ़कर सही चित्र पर गोल कीजिए।



1) हम पका हुआ खाना खाते हैं।
2) तोता कच्चा अमरूद खाता है।
3) पका हुआ आम मीठा होता है।
4) पंछी कच्चे दाने चुगते हैं।
5) कच्ची इमली टीना को पसंद है।

III) ऊपर दिये चित्र को देखकर रिक्त स्थान भरिए। (कच्चा / पक्का, पका)

1) _____________ आम हरा होता है।
2) मिट्टी से बना मकान _____________ होता है।
3) ईंट-सिमेंट से बना मकान _____________ होता है।
4) ________ केले नरम और मीठे होते हैं।
5) हम _____________ हुई रोटियाँ खाते हैं।

**IV) निम्नलिखित वाक्य में सही या गलत बताइए। गलत वाक्यों को सही करके लिखिए।**

**जैसे :**

हम कच्चा चावल खाते हैं।
गलत। हम पका चावल खाते हैं।

1) कच्चे आम का अचार बनाते हैं।

_______________

2) कच्चे आम बहुत मीठे होते हैं।

_______________

3) पंछी कच्चे अनाज के दाने खाते हैं।

_______________

4) कच्चे केले नरम और मीठे होते हैं।

_______________

5) कच्ची इमली हरी होती है।

_______________

6) सिमेंट-ईंट से बनी दीवार कच्ची होती है।

_______________

7) कच्चा धागा जल्दी टूटता है।

_______________

**V) नीचे दी हुई चीजों में आप जो कच्चा खाते है उन पर गोल कीजिए ।**

गाजर, आलू , मूली , ककड़ी (खीरा),प्याज , भिण्डी , फूलगोभी, आमला, गेंहू, चावल, केले, टमाटर, मछली, इमली


# पाठ 15

## बायाँ X दायाँ










सुनील के दायीं तरफ टीना है।

सुनील के बायीं ओर मीना है।

मीना के बायीं तरफ सुरेश है।

टीना के दायीं तरफ सुरेश है ।

**I)** **इस तरह बच्चों को दाएँ, बाएँ समझाइए। उनके बाएँ, दाएँ तरफ कौन बैठा है यह समझाइए।**

## II) वाक्य पढ़कर सही चित्र पर गोल कीजिए ।



1) घर के दायीं तरफ पेड़ है।
2) लड़के के बायें तरफ कुत्ता खड़ा है।
3) पहाड़ के दायीं तरफ मोटर है।
4) रास्ते के दायीं तरफ कुत्ता है।
5) पेड़ के बायें तरफ घर है।

## III) ऊपर दिये चित्र को देखकर रिक्त स्थान भरिए ।(बायाँ/दायाँ)


1) माँ की ______________ तरफ लड़का है।
2) बिल्ली घर के __________ तरफ खड़ी है।
3) घर के ______________ ओर कुत्ता है।
4) रास्ते के __________ तरफ कुआँ है।
5) माँ के ______________ ओर कुआँ है।

## IV) निर्देश अनुसार चित्र बनाइए।

1) इस किताब के बायीं ओर पेन का चित्र बनाइए।



2) इस इमारत के दायीं तरफ घर का चित्र बनाइए।
और बायीं तरफ बिल्ली का चित्र बनाइए।



# पुनरावलोकन

(आधा x पूरा, समान x अलग, मुलायम x सख्त, कच्चा x पक्का, बाँया x दायाँ)

**I) सही शब्द चुनकर लिखिए। (बायीं, मुलायम, पूरा, अलग, पक्के)**

1) रोज सुबह रीटा ______________ गिलास भरके दूध पीती है।
2) लड़कियों ने ______________ रंग के कपड़े पहने हैं।
3) हम ______________ तकिये पर सोते हैं।
4) __________ मकान में रहना सुरक्षित होता है।
5) हमेंशा रास्ते की ______________ तरफ से चलना चाहिए।

**II) विलोम शब्द लिखिए।**

1) पका x ____________
2) सख्त x ____________
3) बायाँ x ____________
4) पूरा x ____________
5) अलग x ____________
6) पक्का x ____________
7) नरम x ____________

**III) अधोरेखित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य फिर से लिखिए।**

जैसे: राजू के बायीं तरफ साइकिल थी।
विलोम वाक्य: राजू के दायीं तरफ साइकिल थी।

1) नीता ने <u>पूरा</u> सेब खाया।

______________________________________________

2) लड़कों ने <u>समान</u> रंग की कमीज पहनी।

______________________________________________

3) रमेश <u>बाँये</u> हाथ से खाना खाता है।

______________________________________________

4) पेड़ का तना <u>मुलायम</u> होता है।

______________________________________________

5) अभी इस घर की दीवार <u>कच्ची</u> है।

______________________________________________

6) दादा जी <u>सख्त</u> चीजें नहीं खा सकते।

______________________________________________

# पाठ 16

## हल्का X भारी



आदमी ने हल्का बोझ उठाया है।




आदमी ने भारी बोझ उठाया है।

I) बच्चों को हल्का डिब्बा, भारी डिब्बा, हल्का बस्ता, भारी बस्ता ऐसी चीजें हाथ में देकर बताइए ये चीजें कैसी हैं । इस तरह से हल्का-भारी समझाइए।

II) दो वस्तुओं में कौन सी वस्तु भारी है और कौन सी हल्की है लिखिए।




हल्का



भारी
























## III) वाक्य पढ़कर सही चित्र पर गोल कीजिए।



1) रुई से बना नरम खिलौना हल्का है ।
2) आम की टोकरी भारी है।
3) आदमी ने भारी बोझ उठाया है।
4) औरत ने हल्का थैला उठाया है।
5) लड़के ने हल्का बस्ता उठाया है।

**IV) सही शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरिए। (हल्का / भारी)**

1) खाली बस्ता __________ होता है लेकिन किताबों से भरा बस्ता भारी होता है।

2) प्लॉस्टिक से बने खिलौने __________ होते है लेकिन लकड़ी से बने खिलौने भारी होते हैं।

4) बच्चे __________ बोझ उठा सकते हैं लेकिन बड़े तो __________ वजन भी उठा सकते हैं।

5) पाँच किलो शक्कर की बोरी उठाने में __________ है लेकिन 1 किलो शक्कर की बैग उठाने में __________ होगा।

**V) गतिविधियाँ :**

1) दो समान डिब्बे लेकर एक डिब्बे में रुई और दूसरे डिब्बे में चीनी रखकर डिब्बे हाथ में लो। और देखो कौनसा डिब्बा भारी है?

2) दो समान डिब्बे हैं। एक में फल और दूसरे में फूल हैं । कौनसा डिब्बा भारी है?

3) एक समान आकार की पानी से भरी बोतल और खाली बोतल लो। इनमें हल्की बोतल कौनसी है?

# पाठ 17

## निडर X डरपोक




लड़का डूबते हुए बच्चे को बचाने जा रहा है, वह निडर है ।



डूबते हुए बच्चे को देखकर लड़का डरकर चिल्ला रहा है, वह डरपोक है ।



बिजली चमकने की आवाज सुनकर राजू नहीं डरता, वह निड़र है ।



बिजली चमकने की आवाज सुनकर सुनील डरता है, वह डरपोक है।

I) बच्चों को झूठ-मूठ का चूहा, छिपकली अचानक दिखाओ अगर बच्चे डर जाये तो डरपोक', 'डर गये' ऐसे शब्द इस्तेमाल करें और वही चीज बच्चे को करने पर आप अगर नहीं डरते, तो आप निडर है, डरे नहीं ऐसा कहें।

**II) सही शब्द लिखिए और वाक्य पूरा कीजिए। (निडर / डरपोक)**

1) छिपकली देखकर पिंकी डर गई, पिंकी ____________ है।

2) शेर सामने आने पर भी शिकारी डरा नहीं, वही खड़ा था, शिकारी ____________ है।

3) राजू ऊँचाई से कूदने से डरता नहीं, वह ____________ है।

4) अंधेरे कमरे में जाने से रामू डरता है, रामू ____________ है।

5) सैनिक ______ होकर दुश्मनों का सामना कर रहे हैं।

**III) गतिविधियाँ:**

1) डरावने मुखौटे जमा करो।


2) निडर बच्चों की कहानी पढ़ो।

3) आपको किन चीजों से डर लगता है?


4) आपके दोस्तों से पूछो उन्हें किन चीजों से डर लगता है।

## पाठ 18


# आशा X निराशा




आसमान में काले बादल देखकर किसान को आशा हुई कि अभी बारिश होगी। लेकिन बारिश नहीं हुई, तो किसान निराश हो गया।



चाचाजी आने वाले हैं यह सुनकर मनोज खुश था। उसे आशा थी कि चाचाजी चॉकलेट लायेंगे । लेकिन चाचाजी चॉकलेट लाना भूल गये, तो मनोज निराश हो गया।



राजू पिकनिक पर जाने वाला था। उसे आशा थी वह बहुत खेलेगा, घूमेगा, मजा करेगा। लेकिन पैर में चोट लगने से राजू को निराशा हुई ।

I) इस तरह की उदाहरणों से बच्चों को आशा / निराशा क्या होती है वह समझाए।

**II) वाक्य पढ़कर सही शब्द लिखकर वाक्य पूरा कीजिए । (आशा x निराशा)**

1) बच्चों को बगीचे में खेलने जाना था। लेकिन बारिश होने पर बच्चों को ____________ हुई।

2) दीपावली आने पर राहुल को ______________ थी कि उसे नये कपड़े मिलेंगे।

3) क्रिकेट मैच देखते समय सब को ______________ थी की हमारी टीम जीतेगी।

4) चित्रकला प्रतियोगिता में राहुल को नंबर नहीं मिला तो उसे ______________ हुई।

5) दादी माँ छुट्टी में घर आएगी ऐसी नीता को ______________ थी।

**III) नीचे दिए वाक्य पढ़कर तुम्हे आशा होगी या निराशा होगी वह लिखिए।**

जैसे: परीक्षा में कम अंक मिले तो - निराशा होगी।

1) तुम्हारे दोस्त के जन्मदिन की पार्टी में जाने दिया तो - ______________

2) पिकनिक जाने के दिन तुम बीमार हो गए तो - ______________

3) तुम्हें सरकस जाने दिया तो - ______________

4) तुम्हारे स्कूल की बस चली गयी तो - ______________

5) खेल की प्रतियोगिता में भाग लिया तो - ______________

6) तुम्हारे जन्मदिन पर पिताजी तुम्हें आपकी कही हुई चीज ले आये तो- ______________

**IV) गतिविधियाँ :**

1) आप कब निराश होते हो?

2) दीपावली आने पर तुम्हें क्या आशा होती है?

3) छुट्टी में गाँव जाते समय तुम्हें क्या आशा होती है?

4) पिकनिक में तुम्हारा सबसे अच्छा दोस्त नहीं आया तो तुम्हें कैसे लगेगा?

# पाठ 19

## स्तुति (प्रशंसा) X निंदा



जब हम किसी के बारे में <u>अच्छी</u> बात कहते हैं तब उसे <u>स्तुति</u> कहते हैं।

जैसै: वह बहुत मेहनती बच्चा है।
मेरी टीचर बहुत ज्ञानी है।

जब हम किसी के बारे में <u>बुरी</u> बात कहते हैं उसे <u>निंदा</u> कहते हैं।

जैसे: वह लडका आलसी है।
वह बहुत लोभी है ।

| **स्तुति (प्रशंसा)** | **निंदा** |
|---|---|
| राजा बहुत वीर है। | राजा प्रजा को बहुत परेशान करता है। |
| राजा बहुत उदार है। | राजा दुष्ट है। |


**I) इसी तरह से आप बच्चों को समझाइए कि किसी को अच्छा कहने से उसकी स्तुति (प्रशंसा) होती है। किसी को बुरा कहने से उसकी निंदा होती है।**

**II) चित्र के अनुसार वाक्य पढ़कर सही शब्द लिखिए। (स्तुति(प्रशंसा) / निंदा)**



1) नीता बहुत सुंदर है । _______
2) नीता हमेंशा गंदे कपड़े पहनती है। _______
3) नीता को परीक्षा में अच्छे अंक मिले।_______
4) नीता हमेंशा देर से उठती है ।_______
5) नीता झगड़ालू है। _______

III) चित्र देखकर उसके बारे में (प्रशंसा)स्तुति और निंदा में पाँच वाक्य लिखिए।



जैसे स्तुति (प्रशंसा) - लड़का अच्छा है।
निंदा - लड़का बहुत मोटा है।

1) ______________________

2) ______________________

3) ______________________

4) ______________________

5) ______________________



स्तुति (प्रशंसा) - ____________

निंदा - ____________

1) ______________________

2) ______________________

3) ______________________

4) ______________________

5) ______________________



स्तुति (प्रशंसा) ____________________

1) ____________________

2) ____________________

3) ____________________

4) ____________________

5) ____________________



निंदा ____________________

1) ____________________

2) ____________________

3) ____________________

4) ____________________

5) ____________________

**IV) 'स्तुति' (प्रशंसा) करने वाले शब्दों पर गोल कीजिए।**


वाह !, दयालू, क्रोधी, गंदा, सुंदर, आलसी, होशियार, प्यारा, चोर, झगड़ालू, कपटी, दुष्ट, कायर, दानी, सुस्वभावी, ईर्ष्यालू

**V) तुम्हारी दादी और मित्र के स्तुति (प्रशंसा) करने वाले 5 शब्द लिखिए।**

# पाठ 20

## खुश X उदास (दुखी)





| चॉकलेट मिलने पर राजू खुश हो गया। | चॉकलेट नहीं मिलने से राजू उदास होता है। |
| --- | --- |

I) बच्चे कौन सी बातों पर खुश होते है, कौन सी बातों से उदास/दुखी होते हैं, यह उनको समझाइए। उनको अपनी पसंदीदा चीज मिलने पर खुशी होती है एवं न मिलने पर वे उदास/दुखी होते हैं -यह समझाइए।

II) चित्र देखकर सही शब्द लिखिए। (खुश / उदास (दुखी))



1) बारिश होने पर किसान ________________ हुआ।

2) सजा मिलने पर गीता ________________ हुई।

3) कमीज फटने से श्याम ________________ हुआ।

4) खेल में जीतने पर राम ________________ हुआ।

5) आइसक्रीम मिलने पर राजू ________________ हुआ।

**III) सही शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरिए। (खुश / उदास-दुखी)**

1) दादी माँ वापस गाँव चली गई तो राहुल ________________ हो गया।

2) नई किताब फटने पर गीता ________________ हो गई।

3) निबंध प्रतियोगिता में राज का पहला नंबर आने पर राज ____________ हुआ।

4) माँ का प्यारा फूलदान टूटने पर माँ ________________ हो गई।

5) चाचा जी ने गीता के सुंदर लिखाई की स्तुति की तो गीता बहुत ____________ हुई।

6) परीक्षा के पर्चे आसान थे इसलिए रवि ________________ था।

7) अपने मित्र का ॲक्सीडेंट होने की खबर सुनकर राम __________ हुआ।

**IV) दिए हुए शब्द और वाक्य पढ़िए और उदासी भाव प्रकट होने वाले शब्दों पर गोल कीजिए।**

हँसना, रोना, पिकनिक जाना, चोट लगना, नये कपड़े खरीदना, परीक्षा में फेल होना, घड़ी खोना, बक्षीस मिलना, जन्मदिन पर तोहफे मिलना।,


चित्रकला की प्रतियोगिता में आपको भाग लेने की अनुमति नहीं मिली।,

मौसी का गरमागरम जलेबियाँ खरीदकर देना।


# पाठ 21

## आसान X मुश्किल / कठिन

1)



सीढ़ियाँ चढ़ना आसान है।



ऊँचे पर्वत चढ़ना मुश्किल है।

2)


$21 + 430 = \square$

यह प्रश्न आसान है ।

$123 \times 13 + 324 - 672 = \square$

यह प्रश्न कठिन है ।

3)



नदी के प्रवाह के साथ तैरना आसान है।



नदी के प्रवाह के विरूद्ध में तैरना कठिन है।

I) इसी तरह से और उदाहरण लेकर आसान और कठिन समझाइए।

**II) नीचे लिखे दो वाक्यों की तुलना करके आसान / कठिन बताइए।**

**जैसे:**

1 किलोमीटर दौड़ना आसान है । 5 किलोमीटर दौड़ना कठिन है।

1) राहुल गणित के हल झट से सुलझाता है । राहुल के लिए गणित ____________ है।

2) हल्का बोझ उठाना ____________ है और भारी बोझ उठाना ____________ है।

3) हाथ से कपड़े सीना __________ है लेकिन सिलाई मशीन से कपड़े सीना __________ है।

4) थोड़ा सा खाना पकाना ____________ है, और ज्यादा खाना पकाना ____________ है।

5) अगर पढ़ाई ठीक से नहीं की तो परीक्षा में प्रश्नों के उत्तर लिखना ________ होता है।

6) निबंध लिखना ________ है लेकिन प्रश्न के उत्तर लिखना ________ होता है।

**III) नीचे दिए हुए वाक्य पढ़कर तुम्हारे लिए आसान है या कठिन वह लिखिए।**

1) 15 किलो शक्कर का थैला उठाना । = ____________

2) बहुत सारा गृहपाठ एक दिन में करना। = ____________

3) फूल का चित्र निकालना। = ____________

4) नारियल पेड़ पर चढ़ना। = ____________

5) सीधी सड़क पर चलना। = ____________

6) टेढ़ी मेढ़ी सड़क पर चलना। = ____________

7) मेज पर चढ़ना। = ____________

IV) **तुम्हें आसान लगने वाले 5 काम और कठिन लगने वाले 5 काम लिखिए।**

आसान काम:

1) ____________________

2) ____________________

3) ____________________

4) ____________________

5) ____________________

कठिन काम:

1) ____________________

2) ____________________

3) ____________________

4) ____________________

5) ____________________

# पुनरावलोकन

**(हल्का, निड़र, स्तुति (प्रशंसा) x निंदा,**
**खुश, आसान, आशा)**

**I) सही शब्द लिखकर वाक्य पूरा कीजिए।**
**(खुश, कठिन, भारी, डरपोक, निंदा, आशा)**

1) कुली ने ____________ बोझ उठाया था, इसलिए उसकी गर्दन झुक गई।

2) राहुल को ____________ थी कि उसकी मौसी अमेरिका से बहुत तोहफे लाएगी।

3) नये जूते देखकर राजू ____________ हुआ।

4) मोटे आदमी के लिए बहुत सीढ़ियाँ चढ़ना ____________ होता है।

5) छिपकली को देखकर ____________ नीता भाग गयी ।

6) आलसी गोपाल की सब लोग ____________ करते हैं।

**II) विलोम शब्द लिखिए।**

1) निडर x ____________

2) निंदा x ____________

3) उदास x ____________

4) आसान x ____________

5) भारी x ____________

6) निराशा x ____________

**III) रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य फिर से लिखिए।**

1) रीमा हमेंशा दूसरों की स्तुति करती है।

2) गीता डरपोक है।

3) सीमा का बस्ता हल्का है।

4) विज्ञान के प्रयोग करना लीना के लिए आसान है।

5) ऊँचे पेड़ पर चढ़ना मुश्किल है।

6) पुराने कपड़े देखकर मनोज उदास हुआ।

**IV)**

## 'आओ हिंदी सीखो' के प्रकल्प की किताबें:

### किताबों के नाम

### वर्ण संसार

1: वर्णमाला
2: बारहखड़ी
3: संयुक्ताक्षर

### शब्द संसार

1: संज्ञा भाग -1
2: संज्ञा भाग -2
3: संज्ञा भाग -3
4: संज्ञा भाग -4
5: शब्द रूप परिवर्तन
6:शब्द एक अर्थ अनेक
7: अर्थ एक शब्द अनेक
8: विलोम
9: सर्वनाम
10: क्रिया
11: क्रिया काल रूप
12: विशेषण
13: ऊनार्थक
14: प्रेरणार्थक क्रिया
15: अनुप्रासक शब्द

### वाक्य संसार


1: वाक्य के अवयव
2: वाक्य-वाच्य के प्रकार
3: वाक्य-रचना के प्रकार
4: वाक्य-अर्थ के प्रकार
5: वाचन और लेखन कौशल्य


# आओ हिंदी सीखे

* रोचकता से हिंदी भाषा सिखाने के लिए आओ हिंदी सीखे पुस्तक मालिका 3 स्तरों पर उचित क्रम से (जैसे- सरलतम से कठिनतम) की गयी है।


* ये किताबें आकर्षक चित्रों से, मनोरंजक कहानियों से तथा पात्रों से परिपूर्ण हैं, जिससे बच्चा आसानी से एवम् सरलता से हिंदी भाषा सीख पाएगा।


* इसमें दी हुई गतिविधियाँ बच्चों को पढ़ाई हुई संकल्पना स्थिर और दृढ़ करने में प्रयत्न करती हैं।




भाग-1 वर्ण संसार
- वर्णमाला
- बारहखड़ी
- संयुक्ताक्षर




शब्द संसार
भाग -1
- संज्ञा भाग -1
- संज्ञा भाग -2
- संज्ञा भाग -3
- संज्ञा भाग -4
- विलोम

शब्द संसार
भाग -2
- शब्द एक अर्थ अनेक
- अर्थ एक शब्द अनेक
- विशेषण
- अनुप्रासक शब्द
- ऊनार्थक

भाग -3
- क्रिया
- क्रिया काल रूप
- प्रेरणार्थक क्रिया
- शब्द रूप परिवर्तन
- सर्वनाम






वाक्य संसार
- वाक्य-1 वाक्य के अवयव
- वाक्य-2 रचना के प्रकार
- वाक्य-3 अर्थ के प्रकार
- वाक्य-4 वाच्य के प्रकार
- वाचन और लेखन कौशल्य

* भाषिक वातावरण का निर्माण करके बच्चों में पढ़ने की इच्छा बढ़ाती है।